महाबली शाका और
मटोला की तबाही
Diamond Comics
D-1283-Rs. 10.00
New
SPIN TAZOS
Look inside for details.

महाबली शाका और मटोला की तबाही

सम्पादक: गुलशन राय
सह सम्पादक: संजय सिन्हा
कथानक: महेशदत्त शर्मा
चित्रांकन: सोहन भार्गव

भोजन की तलाश में निकला डकोरा कबीले का शिकारी पेन्थर—

लेकिन इससे पहले कि पेन्थर लिबलिबी दबा पाता...

...एक कौए ने शिकार को आगाह कर दिया—

उफ! भाग गया!

शिकारी! भाग ले पुत्तर!

दूसरा शिकार खोजना होगा।

पेन्थर ज्योंही पीछे घूमा—

गेंडा! य...ये तो मुझ पर झपटने को है।

गहरी खाई में गिरता चला गया वो—

ओह! बचना मुश्किल है!

फिर इससे पहले कि पेन्थर संभल पाता...

...गैंडे ने जा ठोका अपना इकलौता सींग उसकी पीठ में—

चाहकर भी संभल नहीं सका पेन्थर...

दलदली जमीन में गिरने से बच तो गया वो लेकिन बेहोश होने से नहीं बचा।

आंख खुलने पर—

आहा! मैं ज़िन्दा हूं।

ल... लेकिन ये कौन हैं?

अब तक नजदीक आ पहुंचे थे अजनबी—

ऐ, कौन हो तुम?

यहां क्या कर रहे हो?

अपना परिचय दिया पैन्थर ने—

सुनकर—

हुम्म! मैं ज्योफ हूं और ये है मेरा साथी ब्रैन्डो!

मटोला! वह तो काफी सम्पन्न और आधुनिक कबीला है।

मटोला कबीले के प्राणी हैं हम!

हां! आओ, तुम्हें डकोरा तक हम पहुंचा देते हैं।

धन्यवाद! चलिए!

अगले पल फ्लाइंग डिस्क पर सवार होकर चल पड़े तीनों—

वाह! कमाल का उड़न खटोला है।

जल्दी ही—

यही है मेरा कबीला उकोरा!

ओ० के० उतरते हैं।

नीचे—

पेन्थर! य...ये किसे ले आये तुम?

मेरे मददगार हैं ये! इन्होंने ही मुझे यहां सुरक्षित पहुंचाया है।

चीत्कार कर उठा डकोरा कबीले का सरदार डंगारू —

हमारे कानून के मुताबिक यहां बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित है।

खत्म कर दो इन्हें!

अगले पल आग उगलने लगी डकोरा के प्रहरियों की गनें —

ब्रेन्डो मारा गया।

जबकि ज्योफ भागने में सफल रहा —

मारो उसे

सरदार! रेंज से बाहर है वो!

और अब पेन्थर पर बरस रहा था डंगारू —

तुमने कबीले का कानून तोड़ा है पेन्थर, तुम्हें कबीले से निकाला जाता है।

स... सरदार!

मजबूरी थी, पेन्थर को जाना पड़ा।

उसी रात मटोला वासियों ने हमला कर दिया डकोरा कबीले पर—

इन्होंने हमारे बेगुनाह साथी को मारा !

मारो !

संभलने तक का अवसर नहीं मिला डकोरा के प्रहरियों को।

पास ही एक पेड़ पर सोये पेन्थर की नींद खुल गई शोर सुनकर—

ओह ! ये तो हमारे लोगों को मार रहे हैं।

मुझे उनकी मदद करनी होगी...

मेरे ही कारण हो रहा है ये सब।

अगले ही पल तूफानी गति से दौड़ पड़ा पेन्थर डकोरा की ओर-

लेकिन वो पहुंचा, तब तक देर हो चुकी थी।

उफ ! सब मारे गये !

ठीक इसी वक्त डंगारू की आवाज सुन पलटा पेन्थर—

पेन्थर ! आह ! यहां आओ पेन्थर !

स... सरदार !

फुर्ती से डंगारू के समीप पहुंचा पेन्थर— टूटती आवाज में बोला सरदार डंगारू—

फिर सदा के लिये आंखें बुझ गई डंगारू की।

प... पेन्थर ! मेरे दोस्त महाबली शाका तक ये खबर पहुंचा देना !

वो हमारा बदला लेगा ! ब... द... ला...

खबर पहुंची महाबली तक—

आह ! मेरा अजीज दोस्त मारा गया।

दर्द का सैलाब क्रोध बनकर उफनने लगा शाका के नेत्रों में—

जंगल कानून के मुताबिक खून का बदला खून मिलेगा मटोला वासियों को।

बला की फुर्ती से तूफान पर जा सवार हुआ महाबली—

चल तूफान...

हमें मटोला पहुंचना है!

ठीक इसी वक्त मटोला में अपनी विशेष गुप्तचर इलिया को आदेश दे रहा था ज्योफ।

इलिया! खबर मिली है, शाका इस ओर आ रहा है।

खत्म कर दो उसे, जाओ!

जी... श्रीमान!

जल्दी ही शाका को जा घेरा इलिया ने—

ओह! लगता है कोई मुसीबत में है

मऽढ़ऽढ़ऽऽ मदद करो!

यही है शाका! मेरे गुप्तचर पक्षियों का शिकार बनेगा ये।

कौन हो तुम? यहां क्या कर रही हो?

मेरे साथियों को कुछ पक्षियों ने घायल कर दिया है। उनका उपचार करने में मेरी मदद करो।

ओह! माथे पर ये निशान तो मटोला वासियों की पहचान है।

मेड़िये की भांति गुर्राउठा शाका—

तेरी असलियत मैं भांप गया हूं दुष्ट! अभी मजा चखवाता हूं तुझे।

लेकिन शाका कुछ कर पाता उससे पूर्व ही प्रशिक्षित पक्षी आ पहुंचे—

हा...हा...हा! अब बचकर दिखा, महाबली शाका!

ओह! खून पीने वाले पक्षी।

शाका ने फुर्ती से रिवाल्वर निकालकर फायर झौंक दिया।

मुझे तुम छू तक नहीं पाओगे मच्छरो!

कई पक्षियों को भून डाला शाका ने - लेकिन —

...एक के बाद एक पक्षी आते रहे —

उफ! स्टॉक खत्म ही नहीं हो रहा।

अन्ततः सारे पक्षी मारे गये।

ठीक इसी वक्त शाका से जा भिड़ी इलिया —

शाऽ काऽऽ! पक्षियों को तो तूने मार दिया, लेकिन मुझसे नहीं बचेगा।

लेकिन जल्दी ही अपनी गलती का अहसास हो गया उसे।

घूसों का बदला घूंसा! संभलो!?

धिशूम

शाका की असावधानी का भरपूर लाभ उठाया इलिया ने।

शाका का फौलादी घूंसा टकराया उसकी गुद्दी से।

फिर खिलौने की तरह इलिया को उछाल दिया शाका ने—

तुझे हाथ से नहीं मारेगा शाका!

...अपने हथियार से मारेगा।

जमीन पर गिरकर चीथड़े में बंट गयी इलिया—

अगले पल शाका फिर चल पड़ा मटोला की ओर—

ज्योफ के वार से नहीं बचेगा तू।

सामने ही नजर आ रहा है मटोला कबीला।

लेकिन ऐनवक्त पर खतरे का अहसास हो गया उसे ! फुर्ती से पलटा वो—

उफ ! बाल-बाल बचा।

हमलावर को देख लिया शाक्त ने।

अगले पल गरज उठी उसकी गन—

पीठ पर मारता है, सीने पर खा।

आह !

कटे वृक्ष की भांति फ्लाइंग डिस्क से टकराता चला गया बेचारा ज्योफ—

शाका आ पहुंचा था मटोला—
तूफान बेटे! तुम यहीं रुको, हम दुश्मनों को ठिकाने लगाकर आते हैं।
शाका धंसता चला गया गुप्त इमारत की ओर —
कोई नहीं है।
लगता है, मेरे डर से अपने-अपने दड़बों में जा दुबके हैं कायर।
ठीक इसी वक्त—
ठहरो!
वरना मौत मिलेगी।
स्वर सुनकर फुर्ती से पीछे पलटा शाका।
लेकिन तब तक दोनों ओर से घिर चुका था वो—
आर्थन! शूट कर दो इसे! बहुत खतरनाक है ये शख्स!
??
साइड गार्नर!
गोलियां चलीं। लेकिन...

... शाका की फुर्ती के आगे गोलियों की एक न चली—

धांय!

धांय

ये बहुत पुरानी ट्रिक है, बच्चों!

गोलियों की आवाज सुनकर सैनिकों की...

... पूरी फौज आ गई, लेकिन किसी को भी संभलने का अवसर नहीं मिला शाका की फुर्ती के आगे।

इंसान होते हुए भी जानवरों से बद्तर हो तुम!

जीने का कोई हक नहीं तुम्हें।

सैकड़ों मटोलावासी मारे गये। बचे-खुचे चीत्कार करने लगे-

मत मारो हमें।

हम आत्मसमर्पण करते हैं।

हुम्म! आज से पेन्थर तुम्हारा सरदार होगा। और कोसिमा के कानून लागू होंगे मटोला कबीले में! समझे!

समझ गये।

जान बचने की खुशी में हर्षनाद कर उठे मटोलावासी—

महाबली शाका!

कोसिमा का कानून!

जिन्दाबाद!

शाका पुनः आ पहुंचा कोसिमा में—

म... महाबली!

हां! सरदार डंगारू का प्रतिशोध ले लिया है मैंने पेन्थर!

...और मटोला का नया सरदार तुम्हें मनोनीत किया है।

ल... लेकिन मेरे ही कारण ये खून-खराबा हुआ, महाबली ! और मेरे ही कारण मेरी जाति के लोग समाप्त हुए।

हां, सब जानता हूं मैं !

इसलिए तुम्हें मटोला का सरदार नियुक्त किया है, ताकि तुम अपनी जाति का विस्तार कर सको।

ओह!

फिर कोई प्रतिशोध नहीं कर सका पेन्थर।

चुपचाप मटोला की ओर चल पड़ा वो —

मेरी शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं, पेन्थर !

धन्यवाद, महाबली !

शाका उसे तब तक देखता रहा, जबतक कि वो नजरों से ओझल न हो गया।

Presented by @sdch_club

Join us on telegram

t.me/comics_hindi

t.me/raj_comics_unofficial

t.me/tvseries_4u

t.me/video_short

t.me/joinchat/HOrD4ojPhi9YCoZU

t.me/joinchat/AAAAAFQGITMkD8puJ1QKrw